विस्तृत विज्ञापन

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांकः सं.वि.सं. 03/परीक्षा/RAS&RTS/EP-I/2021–22 **दिनांक : 20.07.2021**

आयोग द्वारा कार्मिक (क–4/2) विभाग के लिए **गैर टीएसपी क्षेत्र (सामान्य) हेतु** राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं (संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती) नियम, 1999 के अन्तर्गत एवं **टीएसपी क्षेत्र हेतु राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, लिपिकवर्गीय और चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014** के अन्तर्गत राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2021 के **कुल 988 पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र** आमंत्रित किए जाते हैं। पद स्थाई हैं एवं विभाग से प्राप्त कुल रिक्त पदों **(पदों में कमी/वृद्धि की जा सकती है)** का सेवावार, वर्गवार वर्गीकरण निम्नानुसार हैः–

राज्य सेवा के पद

क्र. सं.	सेवा का नाम	कुल पद	आरक्षित पद												क्षैतिज आरक्षण		
			Gen.(UR)		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जनजाति		पिछड़ा वर्ग		EWS		MBC		निःशक्तजन	अराजपत्रित कर्मचारी (NGE)	भूतपूर्व सैनिक
			सा.	म.	सा.	म.	सा.	म.	सा.	म.	सा.	म.	सा.	म.			
1	राजस्थान प्रशासनिक सेवा	76	15	07 (2 वि.)	12	05 (2 वि.)	07	03 (1 वि.)	11	05 (1 वि.)	05	02	03	01 (1 वि.)	03 (1 BL, 1 HI, 1 LD)	05	04
2	राजस्थान पुलिस सेवा	77	31	13 (4 वि.)	10	03 (1 वि.)	07	03 (1 वि.)	0	0	05	02	03	0	0	05	03
3	राजस्थान लेखा सेवा	32	08	03 (1 वि.)	04	02	02	02	05	02 (1 वि.)	03	0	01	0	02 (1LD/CP, 1ID/MI/SLD/MD)	03	02
4	राजस्थान सहकारी सेवा	33	07	03 (1 परि.)	06	02	03	01	05	02 (1 वि.)	03	0	01	0	01 (1LV)	03	02
5	राजस्थान नियोजन सेवा	07	03	01	01	0	0	0	02	0	0	0	0	0	0	0	0
6	राजस्थान कारागार सेवा	09	03	01	01	0	01	0	02	0	01	0	0	0	0	0	0
7	राजस्थान उद्योग सेवा	04	03	0	0	0	01	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
8	राजस्थान राज्य बीमा सेवा	03	02	0	0	0	0	0	0	01	0	0	0	0	0	0	0
9	राजस्थान वाणिज्यिक कर सेवा	38	12	05 (1 वि.)	05	01	03	1	05	02	03	0	01	0	01 (BL/LV)	02	01
10	राजस्थान खाद्य एवं नागरिक रसद सेवा	06	02	0	01	0	01	0	02	0	0	0	0	0	0	0	0
11	राजस्थान पर्यटन सेवा	04	02	0	01	0	0	0	0	0	01	0	0	0	0	0	0
12	राजस्थान परिवहन सेवा	07	04	01	0	0	02	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
13	राजस्थान समेकित बाल विकास सेवाएं	08	04	01	01	0	02	0	0	0	0	0	0	0	01 (LD/CP)	01	0
14	राजस्थान देवस्थान सेवा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
15	राजस्थान ग्रामीण विकास सेवा	21	07	02 (1 वि.)	03	01	02	0	03	01	01	0	01	0	01 (LD)	01	01
16	राजस्थान महिला विकास सेवा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
17	राजस्थान श्रम कल्याण सेवा	01	01	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
18	राजस्थान आबकारी (General Branch) सेवा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
19	राजस्थान आबकारी (Preventive Force) सेवा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
20	राजस्थान अल्प संख्यक मामलात सेवा (Distt. Minority Welfare Officer)	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
21	राजस्थान राज्य कृषि सेवा (विपणन अधिकारी)	37	12	05 (1 वि.)	04	01	03	01	05	02	03	0	01	0	01 (BL/LV)	02	01
	योग	**363**	**116**	**42** (10वि. 1 परि.)	**49**	**15** (03वि.)	**34**	**11** (02वि.)	**40**	**15** (03वि.)	**25**	**04**	**11**	**01** (01वि.)	**10** (1BL, 1LV, 2BL/LV 1HI, 4LD/CP, 1ID/MI/SLD/MD)	**22**	**14**

नोटः– पद क्रम संख्या 14, 16, 18, 19 एवं 20 पर अंकित सेवाओं के लिए कोई रिक्त पद उपलब्ध नहीं है।

अधीनस्थ सेवा के पद

क्र. सं.	सेवा का नाम	कुल पद	आरक्षित पद												क्षैतिज आरक्षण			
			Gen.(UR)		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जनजाति		पिछड़ा वर्ग		EWS		MBC		निःशक्तजन	भूतपूर्व सैनिक	उत्कृष्ट खिलाड़ी	विभागीय/ मंत्रालयिक
			सा.	म.	सा.	म.	सा.	म.	सा.	म.	सा.	म.	सा.	म.				
1	राजस्थान देवस्थान अधीनस्थ सेवा	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

2	**राजस्थान सहकारिता अधीनस्थ सेवा**	146	33	13(3वि. 1 परि.)	21	10 (2वि. 1 परि.)	12	06 (2वि. 1 परि.)	21	09 (2वि. 1 परि.)	10	04 (1 वि.)	05	02 (1वि.)	06 (1BL,1HI,2 LD,2MD)	17	02	17
	राजस्थान सहकारिता अधीनस्थ सेवा (TSP)	02	01	0	0	0	01	0	0	0	0	0	0	0	0	01	0	0
3	**राजस्थान तहसीलदार सेवा**	96	21	09 (2वि.)	10	03 (1वि.)	14	05 (1वि.)	14	06 (1वि.)	07	02	04	01	04 (1BL,1HI, 1LD,1MD)	11	0	0
	राजस्थान तहसीलदार सेवा (TSP)	15	04	01	01	0	07	02	0	0	0	0	0	0	0	02	0	0
4	**राजस्थान आबकारी अधीनस्थ सेवा**	32	05	02	07	02	05	02	04	01	03	0	01	0	0	04	0	04
5	**राजस्थान नियोजन अधीनस्थ सेवा**	02	0	0	01	0	01	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
6	**राजसस्थान उद्योग अधीनस्थ सेवा**	03	03	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
7	**राजस्थान वाणिज्यिक कर अधीनस्थ सेवा**	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
8	**राजस्थान खाद्य एवं नागरिक रसद अधीनस्थ सेवा**	106	22	09 (2वि.)	17	06 (1वि.)	11	04 (1वि.)	16	06 (1वि.)	07	03 (1वि.)	04	01	04 (1BL/LV, 1HI, 1LD, 1ID/MI / LD/Autism/ MD)	12	02	12
	राजस्थान खाद्य एवं नागरिक रसद अधीनस्थ सेवा (TSP)	20	09	03 (1वि.)	01	0	05	02	0	0	0	0	0	0	01 (1BL/LV)	02	0	02
9	**राजस्थान भूमि एवं भवन कर अधीनस्थ सेवा**	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
10	**राजस्थान समेकित बाल विकास अधीनस्थ सेवा**	36	12	05 (1वि. 1 परि.)	04	02 (1वि.)	02	01 (1वि.)	04	02	03	0	01	0	01 (1LD/CP)	04	0	0
11	**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधीनस्थ सेवा (परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी)**	02	0	0	0	0	0	0	01	01	0	0	0	0	0	0	0	0
	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधी. सेवा (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी)	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधी. सेवा (जिला परिवीक्षा सह समाज कल्याण अधिकारी)	17	06	03	01	0	02	0	02	01	01	0	1	0	0	02	0	0
12	**राजस्थान श्रम कल्याण अधीनस्थ सेवा**	70	29	12 (3वि.)	05	01	07	02	03	0	05	02	03	01	03 (1BL ,1HI, 1LD)	08	01	08
	राजस्थान श्रम कल्याण अधीनस्थ सेवा (TSP)	10	04	01	0	0	04	01	0	0	0	0	0	0	0	01	0	01
13	**राजस्थान अल्प संख्यक मामलात सेवा (Programme Officer)**	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
14	**राजस्थान कृषि सेवा (कनिष्ठ विपणन अधिकारी)**	68	23	10 (2वि. 1 परि.)	07	02	06	02 (1वि.)	07	02	05	01	03	0	02 (1BL ,1HI,)	08	0	08
	योग	**625**	**172**	**68** (14 वि. 3 परि)	**75**	**26** (5 वि., 1 परि)	**77**	**27** (6 वि.,1 परि)	**72**	**28** (4 वि, 1 परि)	**41**	**12** (2वि.)	**22**	**05** (1वि.)	**21** (4BL, 2BL/LV, 5LD, 5HI, 1LD/CP,1 ID/MI/SLD/ Autism/ 3 MD)	**72**	**5**	**52**
***नोटः–* पद क्रम संख्या 1, 7, 9, 11(सामाजिक सुरक्षा अधिकारी) एवं 13 पर अंकित सेवाओं के लिए कोई रिक्त पद उपलब्ध नहीं है।**																		

वेतनमान :–

राज्य सेवाएं

क्र. सं.	सेवा का नाम	वेतनमान(Pay Matrix)	क्र. सं.	सेवा का नाम	वेतनमान(Pay Matrix)
1	राजस्थान प्रशासनिक सेवा	L-14	12	राजस्थान परिवहन सेवा	L-12
2	राजस्थान पुलिस सेवा	L-14	13	राजस्थान समेकित बाल विकास सेवा	L-14
3	राजस्थान लेखा सेवा	L-14	14	राजस्थान देवस्थान सेवा	L-12
4	राजस्थान सहकारी सेवा	L-12	15	राजस्थान ग्रामीण विकास सेवा	L-14
5	राजस्थान नियोजन सेवा	L-12	16	राजस्थान महिला विकास सेवा	L-14
6	राजस्थान कारागार सेवा	L-12	17	राजस्थान श्रम कल्याण सेवा	L-12
7	राजस्थान उद्योग सेवा	L-12	18	राजस्थान आबकारी (सामान्य शाखा) सेवा	L-12
8	राजस्थान राज्य बीमा सेवा	L-14	19	राज.आबकारी (Preventive Force) सेवा	L-12
9	राजस्थान वाणिज्यिक कर सेवा	L-12	20	राजस्थान अल्प संख्यक मामलात सेवा	L-12
10	राजस्थान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सेवा	L-12	21	राजस्थान राज्य कृषि सेवा (विपणन अधिकारी)	L-14
11	राजस्थान पर्यटन सेवा	L-12			

अधीनस्थ सेवाएं

क्र. सं.	सेवा का नाम	वेतनमान (Pay Matrix)	क्र. सं.	सेवा का नाम	वेतनमान (Pay Matrix)
1	**राजस्थान देवस्थान अधीनस्थ सेवा**	L-10	09	**राजस्थान भूमि एवं भवन कर अधीनस्थ सेवा**	
2	**राजस्थान सहकारिता अधीनस्थ सेवा राजस्थान सहकारिता अधीनस्थ सेवा (TSP)**	L-10 L-10	10	**राजस्थान समेकित बाल विकास अधीनस्थ सेवा**	L-11
			11	**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधीनस्थ सेवा (परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी)**	L-11
3	**राजस्थान तहसीलदार सेवा**	L-11		**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधी. सेवा (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी)**	L-11
	राजस्थान तहसीलदार सेवा (TSP)	L-11		**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधीनस्थ सेवा (जिला परिवीक्षा सह समाज कल्याण अधिकारी)**	L-12
4	**राजस्थान आबकारी अधीनस्थ सेवा**	L-10	12	**राजस्थान श्रम कल्याण अधीनस्थ सेवा**	L-10
5	**राजस्थान नियोजन अधीनस्थ सेवा**	L-10		**राजस्थान श्रम कल्याण अधीनस्थ सेवा (टीएसपी)**	L-10

6	**राजसस्थान उद्योग अधीनस्थ सेवा**	**L-11**	13	**राजस्थान अल्प संख्यक मामलात सेवा (Programme Officer)**	**L-10**
7	**राजस्थान वाणिज्यिक कर अधीनस्थ सेवा**	**L-10**	14	**राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा (कनिष्ठ विपणन अधिकारी)**	**L-11**
8	**राजस्थान खाद्य एवं नागरिक रसद अधीनस्थ सेवा**	**L-10**			
	राजस्थान खाद्य एवं नागरिक रसद अधीनस्थ सेवा (TSP)	**L-10**			

विशेष नोट :– (1) **केवल टी.एस.पी. क्षेत्र के निवासित अभ्यर्थी टी.एस.पी. क्षेत्र/गैर टी.एस.पी. क्षेत्र (सामान्य क्षेत्र) के संबंध में अपनी प्राथमिकता क्रम आवश्यक रूप से अंकित करें।** अभ्यर्थी द्वारा भरे गये प्राथमिकता क्रम के अनुरूप ही विचार किया जावेगा। प्राथमिकता क्रम भरे नहीं जाने पर टी.एस.पी. क्षेत्र हेतु **आरक्षित पदों के विरूद्ध लाभ देय नहीं होगा।**

(2) अधीनस्थ सेवाओं की क्रम संख्या 2, 4, 8, 12 एवं 14 के पदों में ही विभागीय कर्मचारियों हेतु पद आरक्षित हैं। **अतः इन आरक्षित पदों हेतु संबंधित विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारी ही आवेदन करें** एवं आवेदन–पत्र के कॉलम में DC (विभागीय कर्मचारी) का उल्लेख अवश्य करते हुए अन्य आवश्यक पूर्ति करें अन्यथा DC वर्ग का लाभ देय नहीं होगा। अन्य विभागों में कार्यरत कार्मिक यदि इस वर्ग हेतु आवेदन करते हैं तो उन्हें इस वर्ग (DC) हेतु पात्र नहीं माना जाएगा।

(3) <u>अराजपत्रित कर्मचारियों हेतु आरक्षित पदों के सम्बन्ध में</u> :–

राज्य सेवाओं में अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए आरक्षित पदों हेतु राजस्थान सरकार, राजस्थान की पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों के कर्मचारी ही पात्र होंगे। अराजपत्रित कर्मचारी के नाते परीक्षा (राज्य सेवाओं में उनके लिए आरक्षित पदों पर) में बैठने हेतु आवेदक को निम्न शर्त पूर्ण करना चाहिए :–

<u>अनुभव</u> :–The Candidate must have completed not less than five years of service whether officiating or substantive, on the Ist day of January 2022.

<u>नोट</u>:–(1) आवेदक को दिनांक 01.01.2022 को सेवा का कुल कितना अनुभव प्राप्त होगा, उसकी गणना कर दिन, माह व वर्ष की पूर्ति निर्धारित कॉलम में अवश्य करें।

(2) In filling the vacancies so reserved the candidates who are "non-gazetted employees" shall be eligible for appointment in the order in which their names appear in the list irrespective of their relative marks as compared with other candidates.

(3) If a sufficient number of candidates who are non-gazetted employees is not available for filling all the vacancies so reserved, the remaining vacancies shall be filled by appointing other candidates in the list.

नोट :–

1. कार्मिक (क–2) विभाग की अधिसूचना दिनांक 17.01.2013 के अनुसार किसी वर्ष विशेष में सीधी भर्ती के लिए अनुसूचित जातियों या, यथास्थिति, अनुसूचित जनजातियों के पात्र तथा उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की दशा में उनके लिए इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को पश्चात्वर्ती तीन भर्ती वर्षों के लिए अग्रनीत किया जाएगा। तीन भर्ती वर्षों की समाप्ति के पश्चात् ऐसी अग्रनीत की गयी रिक्तियां सामान्य प्रक्रिया के अनुसार भरी जायेगी परन्तु यदि किसी भर्ती वर्ष में भर्ती नहीं की जाती है, तो ऐसे भर्ती वर्ष को इस उपनियम के प्रयोजन के लिए संगणित नहीं किया जायेगा परन्तु यह और कि इस उप–नियम के अधीन सामान्य प्रक्रिया के अनुसार रिक्तियों का भरा जाना पद आधारित रोस्टर के अनुसार पदों के आरक्षण को प्रभावित नहीं करेगा और रोस्टर में आरक्षित पदों पर उपलब्ध रिक्तियों को अनुसूचित जातियों या, यथास्थिति, अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों में से भरा जा सकेगा जिनके लिए ऐसी रिक्ति पश्चात्वर्ती वर्षों में उपलब्ध हो।
2. राजस्थान राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) के लिए आरक्षित पदों हेतु पात्र एवं उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर इन पदों को नियमानुसार सामान्य प्रक्रिया से भरा जायेगा।
3. किसी वर्ष विशेष में या तो विधवा या विच्छिन्न विवाह महिलाओं में से किसी में पात्र और उपयुक्त अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने की दशा में रिक्तियों को प्रथमतः अन्तर–परिवर्तन द्वारा, अर्थात् विधवाओं के लिए आरक्षित रिक्तियों को विच्छिन्न विवाह महिलाओं से या विपर्ययेन, भरा जा सकेगा। पर्याप्त रूप से विधवा और विच्छिन्न विवाह अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने के दशा में, न भरी गई रिक्तियां उसी प्रवर्ग की अन्य महिलाओं द्वारा भरी जायेगी और पात्र तथा उपयुक्त महिला अभ्यर्थियों के उपलब्ध न होने की दशा में उनके लिए इस प्रकार आरक्षित रिक्तियां उस प्रवर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों द्वारा भरी जायेगी जिसके लिए रिक्तियां आरक्षित है। महिला अभ्यर्थियों के लिए इस प्रकार आरक्षित रिक्ति पश्चातवर्ती वर्ष के लिए अग्रनीत नहीं की जायेगी। विधवा और विच्छिन्न विवाह महिलाओं सहित, महिलाओं के लिए आरक्षण को प्रवर्ग के भीतर क्षैतिज आरक्षण माना जायेगा अर्थात् प्रवर्ग की सामान्य योग्यता में चयनित महिला को भी पहले महिला कोटे के विरूद्ध समायोजित किया जायेगा।
4. **विशेषयोग्यजन/निःशक्तजन एवं भूतपूर्व सैनिक के लिए दर्शाए गए पदों का आरक्षण क्षैतिज (Horizontal) है अर्थात् अभ्यर्थी जिस वर्ग का होगा उसे उसी वर्ग के अन्तर्गत समायोजित किया जायेगा।**
5. राजस्थान सिविल सेवा (भूतपूर्व सैनिकों का आमेलन) नियम, 1988 के अनुसार किसी वर्ष विशेष में जहां भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित कोई रिक्ति उपयुक्त भूतपूर्व सैनिकों की अनुपलब्धता के कारण खाली रह जाती है तो उनके लिए इस प्रकार आरक्षित रिक्तियां सामान्य प्रक्रिया के अनुसार भरी जायेगी और रिक्तियों की समान संख्या अगले भर्ती वर्ष में अग्रनीत की जायेंगी तथा तत्पश्चात् ऐसी रिक्तियां व्यगत हो जायेगी।
6. राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2018 के अनुसार जहां किसी भर्ती वर्ष में कोई रिक्ति उपयुक्त बैचमार्क निःशक्तजन की अनुपलब्धता के कारण या किसी अन्य कारण से भरी नहीं जा सकी हो, तो ऐसी रिक्ति आगामी भर्ती वर्ष में अग्रेषित की जायेगी और यदि आगामी भर्ती वर्ष में भी उपयुक्त बैंचमार्क निःशक्तजन उपलब्ध नहीं होता है, तो उसे प्रथतः निशक्तता की निर्धारित विभिन्न श्रेणियों के अन्तरपरिवर्तन (Interchange) कर भरा जायेगा। यदि उस में भी कोई निःशक्तजन उपलब्ध नहीं होता है तो नियोक्ता उस रिक्ति को निःशक्तजन के अलावा अन्य व्यक्ति से भर सकेगा।
7. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आरक्षित पदों का लाभ राजस्थान राज्य के मूल निवासियों को ही देय है। अन्य राज्य के आवेदकों को उक्त लाभ देय नहीं होने के कारण उन्हें सामान्य वर्ग के अन्तर्गत ही आवेदन करना होगा। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा CA No. 1085/2013 में पारित निर्णय दिनांक 30.08.2018 एवं माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा DBSAW No. 1116/2018 में पारित निर्णय दिनांक 18.09.2018 के अनुसार राजस्थान राज्य के बाहर अन्य राज्य की महिला जो विवाहोपरान्त राजस्थान राज्य की मूल निवासी बन जाती है तो उसे Public employment में एससी/एसटी/ओबीसी/एमबीसी वर्ग में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जायेगा। इसलिए उन्हें सामान्य वर्ग के अन्तर्गत ही आवेदन करना होगा।
8. **<u>कार्मिक (क–2) विभाग, राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक प.3(33)कार्मिक/क–2/84 पार्ट 4 दिनांक 12.07.2021 के अनुसार राजस्थान सिविल सेवा (भूतपूर्व सैनिकों का आमेलन) नियम, 1988 के अन्तर्गत भूतपूर्व सैनिकों को देय लाभ, राजस्थान राज्य से बाहर के भूतपूर्व सैनिकों को भी देय है।</u>**

अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताएं :–

1. Must hold a Degree of any of the Universities incorporated by an Act of the Central or State Legislature in India or other Educational Institution established by an Act of Parliament or declared to be deemed as a University under Section 3 of the University Grants Commission Act, 1956 or possess an equivalent qualification recognized by the Government in consultation with the Commission.

शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रावधान	उक्त पदों की अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता के **अंतिम वर्ष में सम्मिलित हुआ हो या सम्मिलित होने वाला** व्यक्ति भी आवेदन करने के लिए पात्र होगा, किन्तु उसे आयोग द्वारा आयोजित **मुख्य परीक्षा से पूर्व** शैक्षणिक अर्हता अर्जित करने का सबूत देना होगा, अन्यथा वह अपात्र होगा।
आयु सीमा	**दिनांक 01.01.2022** को न्यूनतम 21 एवं अधिकतम 40 से कम। **अराजपत्रित कर्मचारी–दिनांक 1 जनवरी, 2022** को 25 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका हो परन्तु 45 वर्ष का नहीं हुआ हो।

विज्ञापित पदों के अनुरूप दर्शाये गये आरक्षित पदों हेतु विभिन्न वर्गों/ अन्य विशिष्ट श्रेणियों हेतु आयु सीमा में छूट के प्रावधान

क्र.सं.	अभ्यर्थियों का वर्ग एवं अन्य विशिष्ट श्रेणिया	अधिकतम आयु में देय छूट
1.	राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पुरूष	5 वर्ष
2.	राजस्थान की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग वर्ग की महिला	10 वर्ष
3.	सामान्य वर्ग की महिला	5 वर्ष
4.	विधवा एवं विछिन्न विवाह (परित्यक्ता) महिला **Explanation :-** In the case of widow, she will have to furnish a certificate of death of her husband from the Competent Authority and in case of divorcee, she will have to furnish the proof of divorce.	अधिकतम आयु सीमा नहीं
5.	उस भूतपर्वू कैदी के मामले में जो अपनी दोषसिद्धि के पूर्व अधिकायु नहीं था और नियमों के अधीन नियुक्ति के लिए पात्र था, उपरिवर्णित अधिकतम आयु सीमा में उसके द्वारा भुक्त कारावास की कालावधि के बराबर की अवधि की छूट दी जाएगी। The upper age limit mentioned above shall be relaxed by a period equal to the term of imprisonment served in the case of an ex-prisoner who was not over age before his conviction and was eligible for appointment under the rules,	
6.	उपर्युक्त उच्चतम आयु सीमा उस भूतपूर्व कैदी के मामले में लागू नहीं होगी जो दोषसिद्धि से पूर्व सरकार के अधीन किसी पद पर Substantive तौर पर सेवा कर चुका था और इन नियमों के अधीन नियुक्ति के पात्र था।	

	The upper age limit mentioned above shall not apply in the case of an ex-prisoner who had served under Government on a substantive basis on any post before conviction and was eligible for appointment under the rules,
7.	राजस्थान राज्य के क्रियाकलापों के सम्बन्ध में Substantiveतौर पर कार्य कर रहे व्यक्तियों के मामले में अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी। The upper age limit for persons serving in connection with the affairs of the State in substantive capacity shall be 45 years.
8.	पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों के कारोबार में Substantive रूप से कार्यरत व्यक्तियों के लिए अधिकतम् आयु सीमा 45 वर्ष होगी। The upper age limit for persons serving in connection with the affairs of Panchayat Samities and Zila Parishads in substantive capacity shall be 45 years.
9.	राजस्थान राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों में Substantive रूप से कार्य कर रहे व्यक्तियों की ऊपरी आयु सीमा 40 वर्ष होगी। The upper age limit for persons serving in State Public sector Undertakings/Corporations in substantive capacity shall be 40 years.
10.	एन.सी.सी. के कैडेट प्रशिक्षकों के मामले में उपरिवर्णित अधिकतम आयु सीमा में उनके द्वारा एन.सी.सी. में की गई सेवा की कालावधि के बराबर छूट दी जाएगी और यदि पारिणामिक आयु विहित अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो तो उन्हें विहित आयु सीमा में ही समझा जाएगा। The upper age limit mentioned above shall be relaxable by a period equal to the service rendered in the N.C.C., in the case of cadet Instructor and if the resultant age does not exceed the prescribed maximum age limit by more than three years, they shall be deemed to be within the prescribed age limit.
11.	निर्मुक्त हुए आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों और लघु सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों को सेना से निर्मुक्त होने के पश्चात् आयु सीमा में ही समझा जाएगा चाहे उन्होंने आयोग के समक्ष उपस्थित होने के समय आयु सीमा पार कर ली हो बशर्ते कि वे सेना में कमीशन ग्रहण करने के समय आयु सीमा की दृष्टि से पात्र थे। The Released Emergency Commissioned Officers and Short Service Commissioned Officers after release from the Army shall be deemed to be within the age limit even though they have crossed the age limit when they appear before the Commission had they been eligible as such at the time of their joining the Commission in the Army.
12.	रिजर्विस्टों अर्थात् रिजर्व में स्थानान्तरित रक्षा कार्मिकों और भूतपूर्व सेना कार्मिकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष होगी। The upper age limit for the reservist, namely the defense personnel transferred to the reserve and the ex-service personnel shall be 50 years.
13	राजस्थान सिविल सेवा (भूतपूर्व सैनिकों का आमेलन) नियम, 1988 के अंतर्गत शासन के कार्मिक विभाग की अधिसूचना 22.12.2020 के अनुसार राज्य सेवाओं के अंतर्गत अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष एवं अधीनस्थ सेवाओं के अंतर्गत 15 वर्ष की छूट देय होगी परन्तु यह कि शिथिलीकरण के पश्चात् यदि अनुज्ञेय आयु 50 वर्ष से अधिक निकलती है तो ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष लागू होगी।

नोट –

1. उपरोक्त वर्णित आयु सीमा में छूट के प्रावधान असंचयी (Non Cumulative) हैं, अर्थात् अभ्यर्थियों को उपरोक्त वर्णित किसी भी एक प्रावधान का अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ दिया जायेगा। एक से अधिक प्रावधानों को जोड़ कर छूट का लाभ नहीं दिया जायेगा।
2. कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र दिनांक 26.7.2017 एवं पत्र दिनांक 14.9.2017 के अनुसार यदि किसी आरक्षित वर्ग (SC/ST/BC/MBC/EWS) के अभ्यर्थी द्वारा शुल्क के अतिरिक्त उनको देय किसी अन्य रियायत (जैसे– आयुसीमा, अंक, फिजिकल फिटनेस आदि) का लाभ लिया जाता है तो उसे सामान्य रिक्तियों के प्रति विचारित नहीं किया जायेगा।
3. उक्त पद आयोग द्वारा वर्ष 2018 में विज्ञापित किये गये थे, जिसके तहत् आयु की गणना का आधार 01.01.2019 रखा गया था। तत्पश्चात् उक्त पदों हेतु कोई विज्ञापन जारी नहीं किया गया। अतः जो अभ्यर्थी 01.01.2022 को अधिकायु के होते है, उन्हे संबंधित सेवा नियमों में विहित प्रावधानानुसार अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की अतिरिक्त छूट देय होगी।
4. राजस्थान सेवा नियम के अनुसार सरकारी कर्मचारी हेतु सेवानिवृति की आयु 60 वर्ष निर्धारित है। इसलिए नियुक्ति दिनांक तक अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. अन्य विशिष्ट श्रेणियों हेतु आयु सीमा में छूट के प्रावधान हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में अंकित किये गये है। किसी प्रकार के विधिक वाद की स्थिति में अंग्रेजी भाषा में अंकित प्रावधान ही मान्य होंगे।

अन्य विवरण

चयन प्रक्रिया	अभ्यर्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा।
परीक्षा का स्थान एवं माह	परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा।
परीक्षा योजना व पाठ्यक्रम	प्रारम्भिक परीक्षा वस्तुनिष्ठ रूप में **(Online/Offline)** ली जायेगी। **प्रारम्भिक परीक्षा केसभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। मुख्य परीक्षा वर्णनात्मक रूप में ली जावेगी।** विस्तृत पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाईट पर पृथक से जारी किया जाएगा।
आवेदन अवधि	**दिनांक 28.07.2021 से दिनांक 27.08.2021** रात्रि 12–00 बजे तक।
आवेदन प्रक्रिया	1. **उक्त पद हेतु ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने से पूर्व सर्वप्रथम अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा–निर्देशों (Instructions for Applicants), विस्तृत विज्ञापन एवं संबंधित सेवा नियम का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लेवें। तदुपरान्त ही अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन करें।** 2. ऑनलाईन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को आयोग के ऑनलाईन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Apply online link को Click कर अथवा एस.एस.ओ. (SSO) पोर्टल https://sso.rajasthan.gov.in से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal का चयन करना होगा। 3. Recruitment Portal पर आधार आधारित One Time Registration (OTR) भी कर अभ्यर्थी परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। 4. अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के पश्चात् Recruitment Portal पर उपलब्ध भुगतान सुविधा से परीक्षा शुल्क का भुगतान कर आवेदन पत्र क्रमांक (Application I.D) जनरेट करना होगा। 5. अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क जमा करवाने हेतु अन्य किसी पोर्टल अथवा सुविधा का उपयोग नहीं करें। 6. अभ्यर्थियों को उक्त परीक्षा शुल्क जमा करने की सुविधाओं में किसी भी प्रकार का शुल्क रिफण्ड नहीं किया जायेगा। 7. अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान आवेदन की अन्तिम दिनांक से पूर्व सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की भुगतान संबंधित Transaction का लम्बित सत्यापन समय रहते हो सके अन्यथा इसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। 8. **आवेदक को ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् आवेदन–पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से प्राप्त होगा और यदि आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) अंकित या प्राप्त नहीं हुआ है, तो इसका अर्थ यह है कि उसका आवेदन–पत्र जमा नहीं हुआ है। आवेदन पत्र के Preview को आवेदन Submit नहीं माना जायेगा।** 9. आवेदक को ऑनलाईन आवेदन करते समय अगर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो Recruitment Portal पर दिये गये Helpdesk Number या E-Mail पर सम्पर्क करें। 10. आवेदक जिस श्रेणी के तहत् आवेदन करने हेतु पात्र है, उसी श्रेणी में ऑन–लाईन आवेदन करें। गलत सूचना देने/तथ्य छुपाने पर आयोग अभ्यर्थी पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगा। 11. राजस्थान राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग की क्रिमीलेयर श्रेणी के आवेदक तथा राजस्थान राज्य से भिन्न राज्यों की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग (Creamy Layer and Non-Creamy Layer)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदक सामान्य वर्ग के अन्तर्गत आते हैं। अतः ऐसे आवेदकों को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान करते हुए सामान्य वर्ग के अंतर्गत ही आवेदन करना होगा। 12. **अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के पश्चात् आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क रसीद की हार्ड कॉपी का प्रिन्ट आवश्यक रूप से निकाल लेंवे।** 13. आयोग द्वारा अभ्यर्थी से उक्त प्रक्रियानुसार ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के अतिरिक्त किसी भी परिस्थिति में किसी भी प्रकार का कोई ऑनलाईन या ऑफलाईन/हाथ से भरा हुआ आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन संबंधी सूचना :– आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन Submit किये जाने के पश्चात् आयोग द्वारा आवेदक को उसके नाम, जन्म तिथि, विषय एवं वर्ग आदि की जानकारी एस.एम.एस. के जरिए भेजी जायेगी। एस.एम.एस. से प्राप्त जानकारी में विसंगति होने पर अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन में निम्नानुसार त्रुटि संशोधन कर सकता है :–

1. यदि कोई अभ्यर्थी अपने Online आवेदन पत्र में संशोधन करना चाहता है तो **आवेदन की अवधि के दौरान एवं आवेदन पत्र की अंतिम दिनांक के पश्चात् 10 दिवस के भीतर** निर्धारित शुल्क रूपये 300/– देकर Online संशोधन (आयोग की वेबसाइट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध दिशा–निर्देशानुसार) कर सकता है। इसके पश्चात् किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं ऐसी किसी भी त्रुटि का सम्पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का ही होगा। **ऑनलाईन संशोधन के तहत् आवेदक के नाम में संशोधन नहीं किया जायेगा।** आवेदक के नाम की वर्तनी संबंधी संशोधन के लिए किसी भी स्तर पर केवल ऑफलाईन प्रार्थना पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे, आवेदक का पूरा नाम किसी भी स्थिति में परिवर्तित नहीं किया जाएगा।
2. विधवा/परित्यक्ता/विकलांग वर्ग के वे अभ्यर्थी जो उक्त केटेगरी जोडना चाहते है, ऐसे अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा/संवीक्षा परीक्षा अथवा साक्षात्कार के अंतिम परिणाम घोषणा की तिथि से पूर्व तक वर्ग परिवर्तन स्वीकार्य होगा। परीक्षा के प्रत्येक चरण के मूल परिणाम (मूल परिणाम से तात्पर्य प्रथम बार जारी परिणाम से होगा ना कि अन्य किसी रिशफल परिणाम से) से पूर्व प्राप्त ऐसे प्रार्थना पत्र स्वीकार्य होंगे। किसी भी स्थिति में किसी चरण के परिणाम घोषणा के उपरान्त प्राप्त प्रार्थना पत्रों में पूर्व घोषित परिणाम में संशोधन नहीं किया जाएगा, परन्तु यदि कोई अभ्यर्थी प्रथम चरण के परिणाम में मूल केटेगरी में उत्तीर्ण हैं एवं बाद में विधवा/परित्यक्ता/विकलांग हो गए हो तो **उन्हें अगले चरण की परिणाम घोषणा की तिथि तक इस श्रेणी का लाभ देय होगा।**

3. प्रथम चरण की परीक्षा आयोजन के पश्चात् आवेदक को ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन हेतु 10 दिवस का एक अतिरिक्त अवसर दिया जायेगा जिसके अंतर्गत अभ्यर्थी नाम, परीक्षा केन्द्र, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर एवं विषय/पद के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन कर सकेंगे। सभी संशोधनों हेतु शुल्क रूपये 300/– निर्धारित है।
4. आयोग द्वारा अभ्यर्थी से उक्त प्रक्रिया के अतिरिक्त अन्य किसी भी तरह से कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जायेगा व उक्त ऑफलाईन/ऑनलाईन संशोधन तिथि उपरान्त कोई भी परिवर्तन करने हेतु अभ्यर्थी को कोई कानूनी अधिकार नहीं होगा।

परीक्षा शुल्कः–

(क) सामान्य वर्ग एवं राजस्थान के क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग के आवेदक हेतु :– **रुपये 350/–**
(ख) राजस्थान के नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **(EWS)** के आवेदक हेतु :– **रुपये 250/–**
(ग) निःशक्तजन, राजस्थान की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग तथा जिनकी पारिवारिक आय 2.50 लाख से कम है, के आवेदकों हेतु :– **रुपये 150/–**
(घ) टी.एस.पी क्षेत्र के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति एवं बारां जिले की समस्त तहसीलों के सहरिया आदिम जाति के आवेदकों हेतु :– **रुपये 150/–**

नोट :–

1. राजस्थान राज्य से भिन्न अन्य राज्यों के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग का अभ्यर्थी माना जाएगा। अतः ऐसे आवेदकों को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क देना होगा।
2. राज्य सरकार द्वारा सभी वर्ग के अभ्यर्थियों की आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत लिये गये निर्णय के क्रम में जारी परिपत्र दिनांक 02.05.2018 के अनुसार सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है, के लिए किसी भी भर्ती/परीक्षा/चयन में प्रवेश करने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के समान ही आवेदक शुल्क देय होगा। उक्त परिपत्र के अनुसार राजस्थान राज्य के जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन के समय परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम होने का विकल्प चुना गया है, उन अभ्यर्थियों को पात्रता जांच/साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा अभ्यर्थी को उसके वर्ग के अनुसार अन्तर राशि का शुल्क जमा करवाना होगा। उक्त लाभ राजस्थान राज्य के अभ्यर्थियों को ही देय होगा। राजस्थान राज्य से भिन्न राज्यों के आवेदकों को सामान्य वर्ग हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा।

(1) <u>Scheme of examination:</u> The Combined Competitive Examination will be held in two successive stages-
